संसद सदस्यों ने देशबंधु चित्तरंजन दास को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 5 नवम्बर, 2014: सूचना और प्रसारण मंत्रालय के राज्य मंत्री, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री प्रकाश जावड़ेकर; संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने आज देशबंधु चित्तरंजन दास की जयंती पर संसद भवन में आयोजित एक समारोह में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

लोक सभा के महासचिव, श्री पी.के.ग्रोवर और राज्य सभा के महासचिव श्री शमशेर के. शैरिफ ने भी देशबंधु चित्तरंजन दास को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित देशबंधु चित्तरंजन दास के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने 12 सितम्बर, 1958 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में देशबंधु चित्तरंजन दास के चित्र का अनावरण किया था ।